| स्कीम | व्यय | | |
|---|---|---|---|
| | 1991-92 | 1992-93 | 1994-95 (अनंतिम) |
| 3. रोजगार आश्वासन स्कीम (ई ए एस) | — | — | 179.75 |
| $4. नेहरू रोजगार योजना (एन आर वाई) | 102.80 | 70.80 | 74.77 |
| *5. शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार स्कीम (एस ई ई यू वाई) | 50.00 | 40.00 | 40.00 |
| *6. प्रधान मंत्री रोजगार योजना (पी एम आई वाई) | — | — | 30.00 |

$ जारी धनराशि

* जारी सब्सिडी राशि

**उत्तर प्रदेश और गुजरात के लिए विकास योजनाएं**

3604. **श्री अनन्त देवशंकर दवे:** क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश और गुजरात की सरकारों ने अपने राज्यों के विकासार्थ कतिपय योजनाएं भेजी हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने उन पर अभी तक क्या कार्रवाई की है?

**योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो):** (क) से (ग) उत्तर प्रदेश और गुजरात सरकारों के अपने राज्यों के विकास के लिए प्रस्ताव वार्षिक योजना प्रस्ताव 1994-95 प्रारूप के रूप में भेजे थे जिन्हें योजना आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार विधिवत अनुमोदित किया गया था। 1994-95 के लिए वार्षिक योजना परिव्यय उत्तर प्रदेश तथा गुजरात के लिए क्रमशः 4561.75 करोड़ रुपये और 2240 करोड़ रुपये अनुमोदित किये गये थे।

**Amount Spent on Advertisements**

3605. SHRI MOHAMMED AFZAL ALIAS MEEM AFZAL: Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state the details of the total amount spent by his Ministry on advertisements given to the Newspapers direct or through DAVP etc. during the period 1992-93 and 1993-94, language-wise?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): The information is being collected and will be laid on the Table of the House shortly.

**उत्तर प्रदेश के पिछड़े इलाकों में मुख्य परियोजना**

3606. **श्री आस मोहम्मद:** क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश के पिछड़े इलाकों में कोई मुख्य परियोजना शुरू करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो इस परियोजना के लिए कुल कितनी धन-राशि आबंटित की गई/दिए जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो):** (क) केन्द्र